ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर उठाने और न्यूनतम आवश्यकतायें पूरी करने के अनेक कार्यक्रम मेरी सरकार द्वारा चलाये जा रहे हैं । गत 2 अक्टूबर, 1988 से एक महत्वाकांक्षी नई आवासीय योजना पुरानी योजना में सुधार करते हुए निर्बल वर्ग के परिवारों के लिये प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक 2.00 लाख आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है । इसके अतिरिक्त इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत 22,265 आवास बनाये जायेंगे । एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम, ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम, राष्ट्रीय धूम्र रहित चूल्हा परियोजना, सूखोन्मुख क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम, आदि समस्त कार्यक्रमों के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं ।

मेरी सरकार द्वारा चलाये जा रहे पशुपालन सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रमों के फलस्वरूप प्रदेश में दुग्ध, अण्डा और ऊन के उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि हुई है। दुग्धशाला विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान दुग्धशालाओं की क्षमता में वृद्धि की जा रही है । मेरी सरकार द्वारा चलाये जा रहे पशुपालन सम्बन्धी कार्यक्रमों से ग्रामीण अंचल की अर्थ-व्यवस्था लाभान्वित हुई है और आर्थिक दृष्टि से निर्बल वर्ग के लोगों को लाभ हुआ है । विभिन्न मत्स्य विकास कार्यक्रमों से मछुआ समुदाय लाभान्वित हुआ है, साथ ही मत्स्य उत्पादन में वृद्धि भी हुई है ।

प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था में सिंचाई साधनों के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए मेरी सरकार द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि मध्यम परियोजनाओं के लिये पर्याप्त साधन उपलब्ध कराये जायें ताकि किसान भाइयों को सिंचाई सुविधाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। इस वर्ष चालू परियोजनाओं में से आठ वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं का कार्य पूरा हो जाने की आशा है । विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत योजना के अन्तर्गत एक हजार नये नलकूपों का निर्माण मार्च, 1990 तक पूरा करने का लक्ष्य है । इन्डोडच नलकूप परियोजना के अन्तर्गत भी नये नलकूपों का निर्माण कराया जा रहा है। नलकूपों के प्रचालन एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । प्रदेश में लघु/सीमान्त कृषकों की सहायतार्थ केन्द्र पोषित योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में नवम्बर माह तक 71,245 निःशुल्क बोरिंग पूर्ण कर ली गयी है ।

समादेश क्षेत्रीय विकास परियोजना के अन्तर्गत प्रक्षेत्र विकास कार्य और ओसराबन्दी का कार्य प्रगति पर है । आगामी वित्तीय वर्ष में 2.18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्रक्षेत्र विकास कार्य और 4.30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ओसराबन्दी का कार्य किये जाने का प्रस्ताव है ।

भूगर्भ जल संसाधनों के सर्वेक्षण, अन्वेषण, विकास एवं प्रबन्ध हेतु विभिन्न प्रकार की तकनीकों, जैसे हाइड्रोजियोलाजिकल, फोटोजियोलाजिकल एवं रिमोट सेंसिंग भू-भौतिकी सांख्यिकी, भूरासायनिक एवं नाभिकीय आदि पर आधारित विविध प्रकार के सर्वेक्षण कार्य प्रस्तावित हैं। नहरों से होने वाले सीपेज से सम्बन्धित विशिष्ट अध्ययन भी प्रस्तावित है।

वर्ष 1988-89 ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का वर्ष रहा। राज्य विद्युत परिषद के ताप विद्युतगृहों के प्लान्ट लोड फैक्टर में इस वर्ष निरन्तर सुधार आया है। इस वर्ष ऊंचाहार ताप विद्युत गृह के 210 मेगावाट की पहली इकाई का कार्य पूरा हो गया है। टांडा विद्युतगृह की पहली 110 मेगावाट की इकाई से भी वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ हो गया। विश्व बैंक सहायता से श्रीनगर परियोजना और एशियन डेवेलपमेन्ट बैंक की सहायता से ऊंचाहार विस्तार तापीय विद्युत परियोजना पर कार्य आरम्भ किया गया है। यह आशा है कि जापान से प्राप्त सहायता के अन्तर्गत अनपारा 'बी' परियोजना पर भी कार्य शीघ्र आरम्भ हो सकेगा। विद्युत की आपूर्ति में सुधार के फलस्वरूप जो विद्युत कटौतियां उद्योग एवं घरेलू क्षेत्रों में करनी पड़ती थी, उनको समाप्त कर दिया गया। नये उद्योगों के लिये भी आवश्यकतानुसार विद्युत अधिभार स्वीकृत किया गया। कृषि के लिये 10 घंटे प्रतिदिन विद्युत की आपूर्ति की गयी और इस वर्ष की खरीफ फसल में कृषि उत्पादन का जो नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है, उसमें विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति से सहायता मिली है।

प्रदेश के सर्वतोमुखी विकास के लिये यातायात के अच्छे साधनों का होना आवश्यक है। अतः मेरी सरकार ने पिछले 4–5 वर्षों से महत्वपूर्ण तथा भारी यातायात वाले राज्य मार्गों के लिए आधुनिकतम तकनीक से सुधार करने की नीति अपनाई है। इस नीति के अन्तर्गत हाट मिक्स की नई प्रणाली के द्वारा लगभग 2100 किलोमीटर राज्य मार्गों पर सुधार कार्य हुआ है या स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त 5 महानगरों तथा अधिकांश जिला मुख्यालयों की मुख्य सड़कों के सुधार का कार्य भी चलाया जा रहा है। न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े गांवों को सब ऋतु योग्य मार्गों से जोड़ने का कार्य योजना के अनुसार सम्पन्न हो रहा है। सड़क परिवहन सेवाओं में सुधार के लिये निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। लगभग 2000 बसों की व्यवस्था इलाहाबाद में हो रहे कुम्भ मेले में आने वाले यात्रियों के लिए की गई है।

मेरी सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए पर्वतीय क्षेत्र के त्वरित विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत है। वर्ष 1988-89 में विशिष्ट योजनाओं और जिला योजनाओं की संरचना इस प्रकार की गयी है कि योजनाओं का लाभ जनसाधारण को प्राप्त हो सके। योजनाओं के कार्यान्वयन पर दृष्टि रखने और कार्यान्वयन में आने वाले अवरोधों का निवारण करने की दृष्टि से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में चार सचिव समितियों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप पर्वतीय क्षेत्र में भी उत्पादकता में वृद्धि और रोजगारपरक योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति एवं भूक्षरण की गति को रोकने हेतु पर्यावरण एवं पारिस्थितिकीय संतुलन के दृष्टिकोण से वृहद् रूप में वृक्षारोपण भूमि एवं जल संरक्षण, एकीकृत जलागम प्रबन्ध, वानिकी, बागवानी, पशुपालन, दुग्ध विकास, लघु विद्युत, विशेषकर माईक्रो-हाईडिल योजनायें, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत,

धूम्ररहित चूल्हे, प्रदूषण रहित उद्योग एवं इलेक्ट्रानिक्स, ऊन तथा रेशम पर आधारित उद्योगों तथा पर्यटन विकास के कार्यक्रम विभिन्न योजनाओं में समाविष्ट किये गये हैं। इस वर्ष सेब की समर्थन मूल्य योजना भी विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के क्रम में प्रारम्भ कर दी गयी है। उद्यान विकास की एक 102 करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की गयी है जिसके लिए विश्व बैंक से वित्त पोषण प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व बैंक की एकीकृत जलागम प्रबंध परियोजना और यूरोपियन आर्थिक समुदाय की सहायता से साउथ आफ भागीरथी फेज-एक कार्यान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त दस नई परियोजनायें तैयार की गयी हैं जिनकी अनुमानित लागत लगभग 287 करोड़ रुपये हैं और जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सहायता से वित्त पोषित कराने का प्रयत्न किया जा रहा है।

पर्यटन की दृष्टि से इस राज्य का भारत में एक विशिष्ट स्थान है। यहां की पर्वत श्रृंखलाओं, विहम नदों, हरी-भरी घाटियों, सुरम्य झरनों, वन्य जन्तु और ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों में पर्यटकों को भारी संख्या में आकृष्ट करने की क्षमता है। इन विपुल समस्याओं को देखते हुए मेरी सरकार ने पर्यटन को उद्योग घोषित कर दिया है। पर्यटन स्थलों का विकास और यात्रियों तथा पर्यटकों के लिए आवास की सुविधा की व्यवस्था कराने का प्रयास निरन्तर किया जा रहा है। प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थलों पर आवासीय तथा अन्य पर्यटन सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त अयोध्या में राम कथा पार्क तथा आगरा में मुमताज बाग के विकास कार्य सम्बन्धी योजनायें प्रस्तावित हैं।

नगरों का योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करने की दृष्टि से 21 विकास प्राधिकरण और 7 विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित हैं। नगरों में आवासीय समस्या के समाधान के लिये विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद् प्रयत्नशील है। सातवीं पंचवर्षीय योजनाकाल में वर्ष 1987-88 के अन्त तक विभिन्न आय वर्ग के लोगों के लिए 81,750 भवनों का निर्माण कराया जा चुका था। बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त अवधि में 1987-88 तक निर्बल वर्ग के लिये 71,895 भवनों का निर्माण कराया गया और चालू वित्तीय वर्ष में 12,000 और भवन निर्मित हो जाने की आशा है। अल्प आय वर्ग के व्यक्तियों के लिए वर्ष 1987-88 में 7,926 भवनों का निर्माण कराया गया तथा चालू वर्ष में 5,000 और भवनों का निर्माण हो जाने की आशा है। मलिन बस्ती पर्यावरण सुधार योजना प्रदेश के 65 नगरों में कार्यान्वित की जा रही है, जिसके अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में 1,50,000 व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। शुद्ध पेयजल और स्वच्छता सुविधायें उपलब्ध कराये जाने की दिशा में भी मेरी सरकार निरन्तर प्रयत्नशील है। समस्याग्रस्त गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य जल निगम द्वारा किया जा रहा है।

इलाहाबाद में कुम्भ मेला जो देश का सबसे बड़ा मेला है, दिनांक 14 जनवरी, 1989 से प्रारम्भ हो गया है। इस मेले में अब तक लाखों व्यक्ति देश-विदेश से आये हैं। इन तीर्थ यात्रियों को मैं अपनी शुभकामनायें देता हूं। मेरी सरकार ने मेले में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबन्ध किये हैं। गंगा नदी के प्रदूषण को रोकने के लिये हरिद्वार-ऋषिकेश, वाराणसी, रामनगर, इलाहाबाद तथा कानपुर नगरों में योजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं।

मेरी सरकार द्वारा लोकतंत्र में अपनी गहन निष्ठा के अनुरूप सहकारी समितियों का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से चुने गये जनप्रतिनिधियों द्वारा सुनिश्चित करने के लिये प्रारम्भिक सहकारी समितियों, सहकारी क्रय-विक्रय समितियों, प्राथमिक उपभोक्ता भण्डारों, क्षेत्रीय सहकारी संघों तथा जिला स्तर की सहकारी संस्थाओं के निर्वाचन लगभग पूर्ण करा दिये हैं। सहकारी समितियों द्वारा कृषकों को ऋण वितरित किये जा रहे हैं। कृषकों सदस्यों को अधिक राहत पहुंचाने के लिए सहकारिता के क्षेत्र में नई चेक प्रणाली लागू की गई है और 570 मिनी बैंकों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

मेरी सरकार जनता के लिये चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सेवाओं में समयबद्ध रूप से प्रसार एवं गुणात्मक सुधार करने का हर सम्भव प्रयास कर रही है। निर्धारित मानदंडों के अनुसार उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष अर्थात् 1989-90 तक पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। रोगों की रोकथाम के लिये वृहद कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों को भी यथोचित बढ़ावा दिया जा रहा है। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान देश के अग्रणी आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। मेडिकल कालेजों में आधुनिकीकरण के लिये विशेष कदम उठाये गये हैं। परिवार कल्याण कार्यक्रम को जन-स्वीकृति के आधार पर प्रभावी बनाये रखने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मेरी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर गुणात्मक सुधार, महिला शिक्षा के विस्तार, विज्ञान की शिक्षा और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्ग की शिक्षा पर विशेष बल दे रही है। भवनहीन प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 12,500 भवनों का निर्माण कार्य आगामी वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूरा हो जाने के पश्चात् यह आशा की जाती है कि प्रदेश में कोई भी प्राथमिक विद्यालय भवनहीन नहीं रह जायेगा।

माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा को अधिक महत्व दिया जा रहा है। कतिपय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर लिटरेसी कार्यक्रम चलाया जा रहा है और 43 विद्यालयों में कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जा चुके हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारत सरकार की सहायता से राज्य में 29 नवोदय विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। सभी विद्यालयों में त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। उर्दू भाषा की शिक्षा के प्रदेश में विशेष महत्व को देखते हुए उर्दू-शिक्षण को अधिक गतिशील बनाया जा रहा है।

मेरी सरकार द्वारा जनता को विशेषकर आर्थिक दृष्टि से निर्बल वर्ग के लोगों को जन-वितरण प्रणाली के अंतर्गत दैनिक उपयोग की कतिपय वस्तुएं नियंत्रित दरों पर राशन कार्ड के माध्यम से उचित मूल्य की दुकानों द्वारा वितरित कराने की व्यवस्था की गयी है। आवश्यक वस्तुओं की उचित मूल्य पर उपलब्धि बनाये रखने और उनके मूल्यों पर नियंत्रण बनाये रखने के लिये जमाखोरों, काला बाजारियों एवं मुनाफा खोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। खरीफ वर्ष 1988–89 के लिए लेवी योजना में 8.14 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदा जा चुका है। चावल मिलों द्वारा

21.5 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है । यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को समर्थन मूल्य से नीचे धान न बेचना पड़े । भारत सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य और गुण निर्दिष्टियों के अनुसार गत वर्षों की भांति मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं की खरीद की जायेगी । उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मण्डलीय मुख्यालयों पर 'जिला फोरम' और राज्य स्तर पर 'स्टेट कमीशन' गठित किये गये हैं इस कार्यक्रम के सुचारु रूप से कार्यान्वयन के लिए उपभोक्ता संरक्षण निदेशालय तथा राज्य स्तर पर 'उपभोक्ता संरक्षण परिषद्' का भी गठन किया गया है । इसके साथ ही व्यापारियों की व्यापार संबंधी कठिनाइयों के तत्परता से निराकरण करने के लिये 'व्यापार मित्र समिति' का गठन भी किया गया है । विभिन्न वस्तुओं के लिए केवल एक लाइसेंस दिये जाने की व्यवस्था लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है ।

मेरी सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं विमुक्त जाति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के प्रति निरन्तर प्रयत्नशील रही है । इन जातियों के अध्ययनरत छात्रों को शैक्षिक सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है, जिस पर प्रतिवर्ष लगभग 61 करोड़ रुपये व्यय किया जाता है । अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास हेतु लागू की गयी विशेष समन्वित योजना के अधीन गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के लिए स्वत: रोजगार योजना , परिसम्पत्ति निर्माण योजना, मार्जिन मनी सहायता योजना तथा लघु सिंचाई योजना संचालित है ।

मेरी सरकार राजकीय सेवाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की भर्ती विहित प्रतिशत के अनुसार सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है और इस संबंध में लोक आयुक्त को समुचित अधिकार देने के लिए उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 में संशोधन करने के प्रश्न पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है ।

राज्य में शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिये मेरी सरकार निरन्तर प्रयत्नशील रही है । राज्य की पुलिस के लिये 1988 का वर्ष विषम परिस्थितियों और चुनौतियों का रहा जिसमें उसने सामान्यतया अपने कर्तव्यों का यथाशक्ति निर्वहन किया । पुलिस को अधिक सक्षम और गतिशील बनाने हेतु मेरी सरकार निरन्तर प्रयास करती रही है । . महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये एक पुलिस महिला सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना गत 2 अक्टूबर को की गयी जो इस प्रकार के होने वाले अपराधों के कारणों की समीक्षा भी करेगा । पुलिस प्रशासन को गतिशील बनाने के लिये पुलिस वाहन और रेडियो संचार व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है । पुलिस प्रशासन के बारे में जनता की शिकायतों के निराकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, साम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ाने तथा जनता एवं पुलिस के मध्य समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से प्रयोग के तौर पर पांच महानगरों में पुलिस नागरिक समितियों का गठन किया जा रहा है जिसमें जनता के विभिन्न वर्ग के प्रतिनिधि होंगे । अग्निशमन सेवा को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं और नये अग्निशमन स्टेशन भी खोले गये हैं । कर्त्तव्य पालन के दौरान गम्भीर रूप से घायल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलने वाली सहायता की धनराशि बढ़ा दी गयी है । इसी प्रकार जोखिम के फलस्वरूप मृत पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुग्रह राशि का प्राविधान किया गया है ।

अवयस्क अपराधी बालकों के सुधार, प्रशिक्षण और उनकी उचित पुनर्व्यवस्था के लिये किशोर न्याय अधिनियम के अधीन प्रदेश में 53 संम्प्रेक्षण गृह, 11 किशोर गृह, एक विशेष गृह, 2 बाल निर्देशन केन्द्र तथा 50 किशोर कल्याण बोर्ड और 11 किशोर न्यायालयों की स्थापना की गई है । निर्धन और निराश्रित विधवाओं के भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा के लिये तथा निराश्रित विकलांगों को भरण-पोषण के लिये प्रति-माह अनुदान दिया जा रहा है । उद्यमी एवं स्वरोजगार में लगी महिलाओं को वित्तीय एवं परामर्शी सहायता देने के लिए स्थापित महिला कल्याण निगम ने अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया है । इस वर्ष मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं के लिये बरेली में और वृद्ध एवं अशक्त महिलाओं के लिये वाराणसी में एक-एक गृह की स्थापना की गई है । मद्यपान और मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिये मद्यनिषेध विभाग की स्थापना की गई है ।

मेरी सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रही है । अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं । पन्द्रह सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है ।

मेरी सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि जनता को शीघ्र और सस्ता न्याय सुलभ हो 60 तहसील मुख्यालयों पर मुंसिफ मजिस्ट्रेट के न्यायालय स्थापित किये जा चुके हैं । जल एवं वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण सम्बन्धी अधिनियमों के अन्तर्गत उद्भूत अपराधों के निस्तारण के लिये एक विशेष न्यायालय की स्थापना की गई है । इस वर्ष 2 और स्थानों पर पारिवारिक न्यायालय स्थापित किये गये। वर्ष 1988 में उत्तर प्रदेश कानूनी सहायता एवं परामर्शी बोर्ड द्वारा 146 लोक अदालतों तथा लघु लोक अदालतें आयोजित की गईं जिनमें लगभग 1,97,651 मामलों का निस्तारण हुआ और 3,196 मामलों में निःशुल्क विधिक परामर्श दिया गया । इस वर्ष न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा स्व0 पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त के नाम पर एक शोध पीठ की स्थापना की गई है । अधिवक्ताओं के कल्याण के लिये भविष्य निधि योजना लागू की जा रही है ।

राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार वृक्षों के कटान पर रोक लगाई गई है साथ ही वृक्षारोपण योजनायें भी चलाई जा रही हैं। नेहरू जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में वर्ष 1988-89 में जनपद गोण्डा में सोहेलवा वन जन्तु विहार स्थापित किया गया है। मेरी सरकार पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकीय संतुलन बनाये रखने की आवश्यकता के प्रति जागरूक है और इसके लिए विभिन्न योजनायें और कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं।

बिक्रीकर का राज्य की राजस्व आय में महत्वपूर्ण स्थान है। मेरी सरकार कर की चोरी रोकने के लिए समय-समय पर समुचित उपाय करती रही है। इसके साथ ही व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने की आवश्यकता के प्रति भी सजग है। व्यापार को बढ़ावा और उपभोक्ता को राहत देने के उद्देश्य की पूर्ति के लिये कतिपय दैनिक उपभोग की वस्तुओं को कर मुक्त कर दिया गया है। सुवास रहित तेल, बस तथा

ट्रक के चेसिस पर बिक्रीकर की दरों में कमी की गई है । निर्माताओं को कतिपय सामग्री क्रय करने के लिए बिक्रीकर की दरों में रियायत दी गई है।

आगामी वित्तीय वर्ष पंचवर्षीय योजना का अंतिम वर्ष होगा। केन्द्रीय योजना आयोग द्वारा वर्ष 1989-90 के लिए 2,970 करोड़ रुपये का परिव्यय स्वीकार किया गया है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष के परिव्यय से 290 करोड़ रुपये अर्थात् 10·8 प्रतिशत अधिक है। राज्य के लिए सप्तम पंचवर्षीय योजना का कुल व्यय 11,000 करोड़ रुपये के अनुमोदित परिव्यय से अधिक होने की आशा है। इस वर्ष से अधिक खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ उद्योग और अन्य क्षेत्रों में भी अच्छी प्रगति होने की सम्भावना है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आर्थिक विकास दर प्राप्त होने की मुझे पूरी आशा है।

माननीय सदस्यगण, मैंने आपके सम्मुख सरकार की प्रमुख नीतियों और किये जा रहे कार्यों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की है । विधान मण्डल के इस सत्र में आपके सामने वर्ष 1989-90 का आय-व्ययक प्रस्तुत किया जायेगा और वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए अनुपूरक मांगें भी प्रस्तुत की जायेंगी, जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी। मैंने विगत सत्र के बाद कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किये हैं, जिनको प्रतिस्थापित करने वाले विधेयक तथा कुछ अन्य विधेयक भी आपके विचारार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे।

माननीय सदस्यगण, इस प्रदेश को समृद्धि की राह पर आगे ले जाने का गुरुतर भार आपके कन्धों पर है । मुझे आशा है कि इस प्रदेश की गौरवमयी परम्पराओं और संसदीय लोकतंत्रिक प्रणाली की मान्यताओं तथा मर्यादाओं के अनुसार इस राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए आप अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।]

श्री अध्यक्ष–

"इन शब्दों के साथ मैं आपको अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आहूत करता हूं ।

जयहिन्द।"

उत्तर प्रदेश आबकारी (संशोधन) अध्यादेश, 1988†

सार्वजनिक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश आबकारी (संशोधन) अध्यादेश, 1988 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मोटर स्प्रिट, डीजल आयल तथा अल्कोहल बिक्री कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1988†

सार्वजनिक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश मोटर स्प्रिट, डीजल आयल तथा अल्कोहल बिक्री कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1988 को सदन के पटल पर रखता हूं।

[ ] यह अंश सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना गया।

†छापा नहीं गया ।

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1988†

नगर विकास राज्य मंत्री (श्री नरेश चन्द्र)—

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1988 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 1988†

सहकारिता राज्य मंत्री (श्री समरपाल सिंह) —

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1988 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1988†

नियोजन एवं ग्राम विकास राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)—

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1988 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1989†

सहकारिता राज्य मंत्री (श्री समरपाल सिंह)—

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) अध्यादेश, 1989 को सदन के पटल पर रखता हूं।

मोटर यान (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1989†

नियोजन राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)—

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से मोटर यान उत्तर प्रदेश (संशोधन) अध्यादेश, 1989 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मोटर वेहिकिल्स (पचासवां संशोधन) नियमावली, 1988††

नियोजन राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)—

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या 5743 टी/30-4-23 के0 एम0-87 दिनांक 14 जनवरी, 1988 के साथ प्रकाशित उत्तर प्रदेश मोटर वेहिकिल्स (पचासवां संशोधन) नियमावली, 1988 को विलम्ब के कारणों सहित मोटर वेहिकिल्स एक्ट, 1939 की धारा 133 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

---

† छापा नहीं गया।

†† छापी नहीं गयी ।

उत्तर प्रदेश मोटर वेहिकिल्स (इक्यावनवां संशोधन) नियमावली, 1988††

नियोजन राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से परिवहन अनुभाग–4 की अधिसूचना संख्या–635 टी/30-4-6 पी-79, दिनांक 27 अप्रैल, 1988 के साथ प्रकाशित उत्तर प्रदेश मोटर वेहिकिल्स (इक्यावनवां संशोधन) नियमावली, 1988 जो दिनांक 4 अक्तूबर, 1988 को सदन के पटल पर रखी गयी थी तथा जिसके सदन के पटल पर रखे रहने की निर्दिष्ट कालावधि सभा के सत्रावसान के कारण पूरी नहीं हो सकी है, को मोटर वेहिकिल्स एक्ट, 1939 की धारा 133 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार पुनः सदन के पटल पर रखता हूं।

यू0 पी0 मोटर वेहिकिल्स (बावनवां संशोधन) नियमावली, 1988††

नियोजन राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से परिवहन अनुभाग–4 की अधिसूचना संख्या 3037-टी/30-4-68 के0 एम0 85, दिनांक 12 जुलाई, 1988 के साथ प्रकाशित यू0 पी0 मोटर वेहिकिल्स (बावनवां संशोधन) नियमावली, 1988 जो दिनांक 4 अक्तूबर, 1988 को सदन के पटल पर रखी गयी थी तथा जिसके सदन के पटल पर रखे रहने की निर्दिष्ट कालावधि सभा के सत्रावसान के कारण पूरी नहीं हो सकी है, को मोटर वेहिकिल्स एक्ट, 1939 की धारा 133 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार पुनः सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मोटर यान (तिरपनवां संशोधन) नियमावली, 1988††

नियोजन राज्य मंत्री (श्री गौरी शंकर)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से परिवहन अनुभाग–4 की अधिसूचना संख्या 3189 टी/30-4-13-पी-79, दिनांक 6 सितम्बर, 1988 के साथ प्रकाशित उत्तर प्रदेश मोटर यान (तिरपनवां संशोधन) नियमावली, 1988 को मोटर वेहिकिल्स एक्ट, 1939 की धारा 133 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 5 अक्तूबर, 1988 के अधिवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश

---

††छापी नहीं गयी ।

विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 6 अक्तूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था और जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 7 अक्तूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 13 अक्तूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 12वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1988 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 5 अक्तूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 6 अक्तूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था और जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 7 अक्तूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 13 अक्तूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 13वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 6 अक्तूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 7 अक्तूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था और जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 11 अक्तूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अक्तूबर, 1988 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 14वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1982-83 के बढ़ती व्यय का विनियमन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1982-83 के बढ़ती व्यय का विनियमन) विधेयक 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 6 अक्तूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री उपाध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 11 अक्तूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अक्तूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 15वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1988-89 का अनुपूरक) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1988-89 का अनुपूरक) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 6 अक्तूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री उपाध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान **परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 11 अक्तूबर, 1988 को** वापस प्राप्त हुआ था राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अक्तूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 16वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 6 अक्टूबर 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री उपाध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 11 अक्टूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ था राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 14 अक्टूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 17वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष, महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 5 अक्टूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 7 अक्टूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 अक्टूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 18वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश श्री बद्रीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश श्री बद्रीनाथ तथा श्री केदारनाथ मन्दिर (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 3 अक्टूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 7 अक्टूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 अक्टूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 19वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश जिला परिषद् (अल्पकालिक व्यवस्था) (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 5 अक्टूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 7 अक्तूबर, 1988, के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 अक्टूबर 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 20वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 3 अक्टूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 7 अक्टूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 अक्टूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 21वां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन (संशोधन) विधेयक, 1988 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 4 अक्टूबर, 1988 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 7 अक्टूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 15 अक्टूबर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 22वां अधिनियम बन गया।

भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1988

सचिव, विधान सभा–

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1988 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा

ने अपने दिनांक 5 अक्टूबर, 1988 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक, प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 7 अक्टूबर, 1988 को वापस प्राप्त हुआ था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 8 नवम्बर, 1988 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1988 का उत्तर प्रदेश का 23वां अधिनियम बन गया।

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा समय निर्धारण का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 7 फरवरी, 1989 की बैठक में सदन के वर्तमान सत्र के कार्यक्रम के सम्बन्ध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :—

1–दिनांक 8 फरवरी से 15 फरवरी, 1989 तक का कार्यक्रम निम्नवत् रखा जाय :–

फरवरी, 1989	
8 बुधवार	12.30 बजे अपराह्न (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना । (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों, आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि ।
9 गुरुवार	निधन के निर्देश ।
10 शुक्रवार	
11 शनिवार	बैठक नहीं होगी ।
12 रविवार	
13 सोमवार	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (पहला दिन)
14 मंगलवार	(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (दूसरा दिन) (2) 5.00 बजे अपराह्न
15 बुधवार	वित्तीय वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक का प्रस्तुतीकरण श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (तीसरा दिन)

2–दिनांक 9 फरवरी, 1989 को प्रश्नकाल न हो । उस दिन की कार्यसूची में अल्पसूचित प्रश्न न छापे जायं ।

3–श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हेतु नियत 4 दिन के उपवेशनों में, संगत नियमों को निलंबित करते हुये, नियम 56 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायं तथा इन दिनों के उपवेशन में नियम 51 के अन्तर्गत दो विषय उठाने की अनुमति दी जाय । इसके अतिरिक्त उक्त 4 दिनों में नियम 301 के अंतर्गत प्राप्त सूचनाओं में से एक उपवेशन में अधिकतम 14 सूचनायें ली जायं ।

4—वर्तमान सत्र में उपलब्ध होने वाले प्रथम अशरकारी दिवस को, संगत नियमों को निलम्बित करते हुये, पिछले सत्र के लंबित अशरकारी संकल्पों को ही कार्यसूची में सम्मिलित किया जाय ।

सार्वजनिक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री अम्मार रिजवी)—

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों से जिसकी सूचना श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है ।

श्री अध्यक्ष—

प्रश्न यह है कि जो प्रस्ताव माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी ने प्रस्तुत किया है उससे सदन सहमत है ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।)

श्री अध्यक्ष—

अब हम उठते हैं । कल 11 बजे फिर मिलेंगे ।

(इसके बाद सदन 12 बजकर 53 मिनट पर /अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया ।)

भाल चन्द्र शुक्ल,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ :
8 फरवरी, 1989

पी0 एस0 यू0 पी0—एल0 393 विधान सभा—(643)—1985—813 ।